## दीवार ढहने से नीचे दबा बुजुर्ग

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र के जसुपुरा गांव में बारिश की वजह से एक दीवार भरभरा कर गिर गई। दीवार के गिर जाने से उसके नीचे सो रहा बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे परिजनों की मदद से जिला अस्पताल धौलपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। दीवार गिरने से घायल हुए बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जिसका पुलिस ने पोस्टमार्टम करा दिया है।

जिला अस्पताल धौलपुर में पोस्टमार्टम करने पहुंचे मनियां थाने के एएसआई मोहनलाल मीणा ने बताया कि जसुपुरा गांव में 65 वर्षीय बुजुर्ग हुकुम सिंह पुत्र मेघ सिंह कुशवाहा दीवार के सहारे सो रहा था।

बुधवार सुबह के करीब 5 बजे बारिश की वजह से दीवार गिर गई। जिसके नीचे दबने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया।

बुजुर्ग को गंभीर हालत में लेकर परिजन जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया।

सूचना के बाद मनियां पुलिस जिला अस्पताल धौलपुर पहुंची। जहां मृतक बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया। वहीं हादसे को लेकर पुलिस जांच में जुटी हैं।

# महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर का विशेष दीक्षांत समारोह आयोजित




महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर का विशेष दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ।

- राज्यपाल ने प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत विज्ञान संस्थान, बैंगलुरू के पूर्व निर्देशक प्रो. गोवर्धन मेहता और बफेलो यूनिवर्सिटी, न्यूयार्क, संयुक्त राज्य अमेरिका के अध्यक्ष प्रो. सतीश के. त्रिपाठी को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की
- राज्यपाल ने शोध पेटेंट की संख्या बढ़ाने और नैक एक्रीडिएशन में राजस्थान को देशभर में अग्रणी करने का आहान किया

**जयपुर, ।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने बुधवार को राजभवन में महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर के विशेष दीक्षांत समारोह में प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत विज्ञान संस्थान, बैंगलुरू के पूर्व निर्देशक प्रो. गोवर्धन मेहता और बफेलो यूनिवर्सिटी, न्यूयार्क, संयुक्त राज्य अमेरिका के अध्यक्ष प्रो. सतीश के. त्रिपाठी को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की।

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि विश्वविद्यालय ज्ञान के प्रकाश पुंज होते हैं। समाज की विशिष्ट और परिवर्तनकारी भूमिका निभाने वाली विभूतियों को सम्मानित करना शिक्षा की स्वस्थ परंपरा है। इससे विद्यार्थियों को भी निरंतर नया और परिवर्तनकारी अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है।

बागडे ने संस्कारों से विद्यार्थियों के दूर होते जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों में संस्कार निर्माण के लिए कार्य हो। उन्होंने कहा कि किसी आपदा में जरूरतमंद की मदद नहीं कर वीडियो बनाना संवेदनहीनता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक मूर्तिकार होता है। वह विद्यार्थी के जीवन को गढ़ता है। इसलिए मेरी अपेक्षा है कि प्रदेश के विश्वविद्यालय चरित्र निर्माण की पाठशाला बने। उन्होंने कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों को सही और क्या गलत है, इसके बारे में चिंतन शिविर आयोजित करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि ऐसी शिविरों में वह स्वयं सम्मिलित होना चाहेंगे।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों मे मौलिक शोध और पीएचडी कोर्सेज में राजस्थान की रैंकिग विश्वभर में अग्रणी करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राचीन शास्त्रों और आधुनिक ज्ञान के आलोक में शोध पेटेंट की संख्या बढ़ाने और नैक एक्रिडिएशन में राजस्थान को देशभर में अग्रणी बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का आ ान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को इनोवेटिव, मेधावी बनाने और किताबों के बोझ से मुक्त कर उनके भीतर आत्मविश्वास भरने का कार्य करने पर जोर दिया।

इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमेश चंद्रा ने विश्वविद्यालय के कार्यों से अवगत कराया। समारोह में राज्यपाल के सचिव श्री गौरव गोयल, विभिन्न संकायों के डीन, डायरेक्टर, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**भरतपुर ( निस )।** अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, भरतपुर जिला युवा इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत स्थानीय मास्टर आदित्येंद्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 51 छायादार पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया ने की। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश सिनसिनवार एवं समन्वयक योगेश शर्मा उपस्थित रहे। युवा इकाई जिलाध्यक्ष मनीष गर्ग एवं उनकी युवा टीम द्वारा सभी का स्वागत किया गया तथा उन्होंने बताया की ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात पाने, प्रदूषण को कम करने और वातावरण में प्राण वायु के स्तर को बढ़ाने हेतु वृक्षारोपण ही एक उपाय है। पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार है। पेड पौधे हमारे एव हमारे आने वाली पीढ़ी के जीवन के लिए बहुत ही अवश्यक है। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष सीमा मंगल, शहर अध्यक्ष सत्यव्रत आर्य, उपाध्यक्ष संतोष खंडेलवाल, महिला महामन्त्री शोभा कंसल, हीरादास इकाई के संरक्षक भारत भूषण अग्रवाल, विनोद मंगल, ओम प्रकाश गुप्ता, होमचंद कंसल, पूरन मित्तल, गौरव जिंदल, रामेंद्र सर्राफ, दीपक गर्ग, सक्षम अग्रवाल, शौर्य जिंदल, ध्रुव गुप्ता, निखिल सिंघल, हर्षित मित्तल आदि उपस्थित रहे तथा विद्यालय के बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। तत्पश्चात युवा महामंत्री आशीष खंडेलवाल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### बलिदान दिवस मनाया

**भरतपुर ( निस )।** महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति के तत्त्वावधान में जाट शासक महाराजा जवाहर सिंह के 257 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष में मडरपुर रोड़ स्थित निर्माणाधीन जाट भवन पर हवन व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि रामनिवास आर्य ने मंत्रोच्चार के साथ डॉ. उदय भान सिंह व उनकी पत्नी पूनम चौधरी के मुख्य यजमान के रूप में हवन कराया। जिसमें उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने आहूति दी। श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए जाट भवन निर्माण समिति अध्यक्ष महावीर सिंह तोमर ने कहा कि महाराजा जवाहर सिंह, महाराजा सूरजमल व महारानी गंगा देवी के पुत्र थे, जिन्हें महारानी किशोरी ने गोद ले लिया। समिति महासचिव सुधीरपाल सिंह ने कहा जवाहर सिंह ने अपने पिता महाराजा सूरजमल की 25 दिसम्बर 1763 की मृत्यु के पश्चात अपने विद्रोही भाई राजा नाहर सिंह को हराकर 1 जनवरी 1764 को भरतपुर की गद्दी पर बैठे। डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि महाराजा जवाहर सिंह ने मराठा व राजपूतों को हराकर जाट साम्राज्य का विस्तार बुन्देलखंड व दिल्ली तक किया और वे एक सफल कूटनीतिज्ञ व साहसी योद्धा थे। पूर्व सीएमएचओ डॉ. मोहकम सिंह ने कहा कि महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली फतह की। वहाँ के मुख्य दरवाजे का फाटक भरतपुर किले में लगा दिया जो कि आज भी मौजूद है। इस अवसर पर अनंत महिला शक्ति अध्यक्ष पूनम चौधरी, चन्द्रपाल सरपंच, हरवीर सिंह, मनोज चौधरी व विनोद कुन्तल सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित थे। समिति कोषाध्यक्ष जल सिंह फौजदार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**नदबई, ( निसं )।** कस्बे के मुख्य बाजार में दिनदहाड़े बाइक की डिग्गी से एक लाख की नगदी पार करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर भेज दिया। पुलिस के अनुसार मध्यप्रदेश राजगढ़ बोड़ा थाना क्षेत्र के गांव कडिया सांसी निवासी मौनू सांसी पुत्र शोभाराम सांसी को एसबीआई बैंक परिसर से गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि 25 जुलाई को गांव मांझी निवासी सेवानिवृत शिक्षक सुरेन्द्र सिंह पुत्र सरदार सिंह ने एसबीआई बैंक से एक लाख की नगदी निकाल कर बैग में रख लिया। इसी दौरान मुख्य बाजार में मोबाइल पर बात करने दौरान आरोपी चकमा देकर बाइक की डिग्गी से नगदी रखे बैग को लेकर फरार हो गया। मामला दर्ज होने पर पुलिस ने बैंक परिसर सहित समीपवर्ती दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज जांच की। बाद में पुलिस ने बैंक परिसर में दूसरी वारदात को अंजाम देने से पहले ही आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर राजस्थान सहित गुजरात व हरियाणा में चोरी व लूट के दस अलग-अलग मामले दर्ज है।

### पौधारोपण किया

**करौली( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रो मे हरियाली तीज के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किये गये कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण किये गये। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में आज हरियाली तीज के अवसर पर सम्पूर्ण राजस्थान में मनाये जा रहे हरियालो राजस्थान अभियान के साथ कदम से कदम मिलाते हुए सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।विद्यालय विकास एव प्रबन्धन समिति के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रातः 8:00 बजे से विद्यालय परिसर में शिक्षकों के साथ विद्यार्थियो ने उत्साह के साथ पौधा रोपण किया इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य घनश्याम जाटव,उप प्रधानाचार्य दिलीप शर्मा ईको क्लब प्रभारी नारायण सिंह,केदार शर्मा,मालचंद ओझा,राजकुमार, हुकम माली पूर्व जिला परिषद सदस्य बद्री सिंह चैहान ने बॉटल पॉम ट्री तथा अशोका ट्री के सजावटी पौधे रोपित किए। इसके अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री के हरियालो राजस्थान आव्हान के अंतर्गत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर करौली के निर्देशानुसार राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय करौली के मंडरायल रोड स्थित नवीन भवन पर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### तीज महोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** खंडेलवाल सखी द्वारा तीज महोत्सव बडे ही धूमधाम से होटल ब्रज इन कुम्हेर गेट में मनाया गया। सखी संयोजिका सरोज लोहिया ने वताया कि कार्यक्रम की शुरूआत गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। सभी सखियां रंग विरंगे लहरिया परिधानों में बहुत सुन्दर नजर आ रही थीं। कार्यक्रम के आरम्भ में प्रोग्राम डायरेक्टर समता व कल्पना खंडेलवाल द्वारा सास बहु की नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। उसके बाद सावन व झूले पर राजस्थानी मल्हार गीत व भजनों पर सभी के द्वारा नृत्य किया गया। सभी ने धन वर्षा गेम हाउजी का आनन्द लिया। प्ो्रग्राम में उपस्थित बच्चों ने भी डांस व गेम आदि खेलकर आनन्द लिया।

## एनडीपीएस मामले में आरोपी को चार वर्ष का कारावास

**धौलपुर, ( निसं )।** जिले के बाड़ी उपखंड के एडीजे कोर्ट ने वर्ष 2011 के एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी माना है। जिसमें धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ में 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड नहीं चुकाने की स्थिति में तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा दी है।

बाड़ी एडीजे कोर्ट के राजकीय अभिभाषक एवं एपीपी एडवोकेट मनोज सिंह परिहार ने बताया कि 26 जून 2011 को बाड़ी शहर के महाराज बाग बस स्टैंड से पुलिस ने संदिग्ध हालत में एक व्यक्ति को भागते हुए पकड़ा था।

जिसके पास से एक थैले में 5 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। पुलिस टीम द्वारा उक्त मामले में आरोपी सागर सिंह पुत्र भागीराम जाटव निवासी चिलाचोंद के खिलाफ 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी सागर सिंह को लेकर एडीजे कोर्ट में चालान पेश किया गया, जहां मामला विचाराधीन था। एडीजे कोर्ट के अपर लोक अभियोजक एडवोकेट मनोज सिंह परिहार ने बताया कि मामले में आज बुधवार को न्यायालय ने कार्रवाई को पूरा करते हुए फैसला सुनाया है। एडीजे नीरज कुमार ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सागर सिंह को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में दोषी माना है और 4 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ में 25 हजार रुपये का अर्थ दंड दिया है। अर्थदंड नहीं अदा करने की स्थिति में 3 महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा दी है।

# जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने सभी विभागों की बैठक ली



**भरतपुर ( निस )।** जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं की क्रियान्विति एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य करने के निर्देश दिए।

जिला प्रभारी मंत्री ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में जिन विभागों को भूमि की आवश्यकता है वे भूमि चिन्हित कर आवंटन की प्रक्रिया समय पर पूरी करें। उन्होंने सड़क, भवन निर्माण, आधारभूत ढ्रांचा निर्माण से सम्बंधित सभी बजट घोषणाओं में निविदा प्रक्रिया शुरू करते हुए समयबद्ध कार्य कराने के लिए प्रतिमाह का लक्ष्य तय कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास से सम्बंधित कार्यों में पर्यटन, पुरातत्व एवं देवस्थान व सार्वजनिक निर्माण विभाग को समन्वय से कार्य करते हुए शीघ्रता से बजट घोषणा पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नगरपालिका क्षेत्र में डिजिटल लाइब्रेरी एवं जिला मुख्यालय पर अटल इनोवेशन के तहत युवाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ डिजिटल क्षेत्र में नवाचार की सुविधा प्रदान की जायेगी।

इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर सुव्यवस्थित स्थान पर सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने पंचायतराज विभाग को गांवों में बरसात के कारण जलभराव, कीचड़ आदि की निकासी एवं साफ-सफाई के लिए ग्राम पंचायतों को बजट आवंटित कर समस्या निराकरण करने के निर्देश दिए।

# अवेध खनन, अधिक रायल्टी वसूली के मामले में खनिज विभाग की बिजिलेन्स जॉच दल की कार्रवाही

**पहाड़ी ( निस )।** मेवात में लम्बे समय से पहाडी के खनन क्षेत्र में अवेध खनन, ऑवर लोडिंग, पिसी खनन सामग्री निकासी पर मनमर्जी से अधिक रॉयल्टी बसूल का खेल की जॉच में खनिज विभाग जयपुर बिजलियेन्स टीम ने अचानक छापामार कार्रवाही कर ट्रक संचालको, ग्रामीणो से पूछताछ कर जॉच की है। जिससे संचालको सहित खनिज विभाग के अधिकारीयो में हडकंप मच गया। आनन फानन में भरतपुर से खनिज विभाग के अधिकारी पहाडी पहुचे और जॉच दल की टोह लेते रहे है। अवेध खनन एंव रायल्टी बसूली पर नकेल कसने के लिए विभाग ने भारी सख्या में होमगार्डो की तैनाती की है। पहाड़ी- नगर के खनन क्षेत्र में लम्बे समय से खनन व क्रशर जॉन में रायल्टी संचालको खनन माफियाओं की मिली भगत से मनमर्जी से अधिक रॉयल्टी बसूली, ऑवरलोडिंग का खेल जारी था। जिसकी शिकायत कामां के विजय मिश्रा समाजसेवी के द्वारा की गई। खनिज विभाग ने संज्ञान लेते हुए जयपुर बिजिलेंश टीम के एसएमई प्रताप सिह मीणा, पीएल मीणा, केसी गोयल आदि ने रायल्टी नाको व रास्ते मे ट्रक संचालको ग्रामीणो से पूछताछ रायल्टी अधिक बसूली के मामले पूछताछ की है। अचानक आए दल को देख संचालको मे हडकंप मच गया। वही घाटमीका पर लगे नाके पर टीम की गाडियां जाकर रूकी तो ग्रामीण जमा हो गए। जॉच दल ने ट्रक चालको, ग्रामीणो व नाको पर पहुचकर पूछताछ को अंजाम दिया है। टीम के पहुचने की खबर पाकर भरतपुर से खनिज विभाग एमई केतन प्रसाद मीणा, भरतपुर एस.एम.ई हरीशचंद गोयल, रजनींश मीणा, रधुवीर फोरमेन, रूपवास से भीमसिह चोधरी सहित अन्य खनिज विभाग के अधिकारी पहाडी मे डेरा डाल रहे। जो जॉच दल का टोह लेते रहे है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार अवेध खनन ऑवरलोडिंग व खनन सामग्री पर अधिक बसूली की रोकथाम के लिए करीब 50-60 गार्ड की तैनाती होनी है। वही अन्य अधिकारीयो को भी तैनात किया गया है। जॉच दल के साथ पुलिस बल भी मौजूद था।

एस.एम.ई के.सी गोयल ने बात करने पर बताया की मेरा पोस्टिंग तो जयुपर है पहाड़ी नही है मै टीम नही आया मेरे को कोई जानकारी नही है। मै प्रताप सिह मीणा के साथ पहाडी वेसे ही बैठकर आ गया था।

## एक पेड मां के नाम किया वृक्षारोपण

**भरतपुर ( निस )।** महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चार्लीगंज में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण हेतू सौ पौधे अशोक लगभग पचास पौधे नीम पीपल बरगद शहतूत अर्जुन हरसिंगार शहजन गुडहल करंज आदि के पौधे स्ववित्तपोषित कार्यक्रम के अंतर्गत सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक इन्दिरा सिंह त्यागी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, केदारनाथ पाराशर सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रूपकिशोर ने दिए। इसके अतिरिक्त संस्था ने छः सौ पचास वृक्षों की व्यवस्था अपने स्तर पर की गई। इन सबका वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर इंदिरा सिंह त्यागी ने वृक्ष हमारे जीवन रक्षक व धरती के श्रृंगार हैं। इनकी संरक्षा सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। केदारनाथ पाराशर ने सभी से अपने जल जमीन व गाय माता को बचाने के लिए इन्हें पॉलिथिन मुक्त रखें। पॉलिथिन को घर से बाहर नहीं जाने दें व पॉलिथिन का बण्डल बनाकर रखें। उसे कबाडी को देदें। अपने खेतो पर अधिकाधिक वृक्ष लगायें। इस अवसर पर सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक इंदिरा सिंह त्यागी, एडीपीसी समसा अनित शर्मा, सीबीईओ सेवर दलबीर सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य केदारनाथ पाराशर, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रूपकिशोर, प्रधानाचार्य आवेश कुमार, समस्त स्टाफ, ग्रामीण व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जिला बनने के बाद भी मूलभूत सुविधाओ से महरूम है गंगापुर जिला

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी को जिला बने एक साल हो गया, आज इसका स्थापना दिवस है। खास बात ये है कि जिला बने एक साल होने बाद भी यहां जिला स्तरीय 39 कार्यालय अभी तक अस्तित्व में ही नहीं आए हैं और अब भी लोगों के अधिकांश काम पुराने जिले यानी सवाई माधोपुर से ही हो रहे है।

**12 विभागों में नहीं हैं अधिकारी**

गंगापुर सिटी को जिला बनाने के बाद यहां विकास की बात करें तो जिले के हिसाब से सही मायने में कोई विकास नहीं हो पाया। गंगापुर सिटी जिला तो बन गया, लेकिन हिंडौनसिटी रोड पर जिला स्तरीय कार्यालयों के लिए जमीन अधिग्रहण के अलावा ज्यादा काम नहीं हुआ है।

- 39 जिला स्तरीय विभागों के कार्यालय अस्तित्व में नहीं आए हैं।



गंगापुर सिटी में स्थित जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय।

अब तक 39 जिला स्तरीय विभागों के कार्यालय अस्तित्व में नहीं आए हैं। 12 विभागों में तो अधिकारी ही नहीं है। ऐसे में अधिकांश काम अब तक सवाई माधोपुर जिले से ही हो रहे हैं।

**मामूली बजट मिला**

शिक्षा विभाग का डाइट कार्यालय नहीं खुलने से शिक्षकों को सवाई माधोपुर जाना पड रहा है। पिछली सरकार में कार्यालयों के लिए मामूली बजट मिला था।

इससे फर्नीचर तक की खरीद नहीं हो पाई। डीएसओ व डीईओ को लॉग-इन आईडी तक नहीं मिली है। गोशालाओं को अनुदान सहित विभागवार वित्तीय स्वीकृति पुराने जिले के नाम से हो रही है।

जिले के हजारों किसान पीएम किसान सम्मान निधि के आवेदन तक नहीं कर पा रहे हैं। क्योंकि पोर्टल पर नए जिले का चयन करने के बाद ब्लॉक का नाम ही नहीं आ रहा। पुराने जिले से भी ब्लॉक का नाम हटा दिया गया।किराए की जमीन पर स्टैंड

जनता से सीधे जुडे विभाग पंचायतराज में जिला परिषद में केवल एसीईओ का पद बना है, जिला परिषद से संबंधित लोगों के सभी काम पुराने जिले सवाई माधोपुर से हो रहे है। रोडवेज बस स्टैंड की हालत खराब है। जिला बनने के बाद डिपो बनना चाहिए, लेकिन यहां तो स्टैंड ही किराए की जमीन पर और ऑफिस केवल एक कमरे में संचालित है।

**मिनी सचिवालय चल रही है कलेक्ट्रेट**

कलेक्ट्रेट को मिनी सचिवालय में ही स्थान मिल पाया है, यहां दूसरे फ्लोर पर कलेक्ट्रेट संचालित है। ऐसे में अधिकांश विभागों को पुराने विभाग में ही प्रमोट कर संचालित किए जा रहे है। अधिकारी-कर्मचारी की यदि बात करें तो जिला स्तरीय अधिकारी के सभी विभागों में पद रिक्त है, अधिकारियों की संख्या भी विभाग स्तर पर 4० से 5० प्रतिशत कम है। इसके अलावा जनता से सीधे जुडे पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, पुलिस, रसद, बिजली आदि विभागों को पुराने विभाग के कार्यालय में ही संचालित कर प्रमोट कर दिया, यहां जिला विभागों में जिला स्तरीय अधिकारियों के पद रिक्त है, जो अधिकारी पूर्व में लगे हुए थे उन्हें अतिरिक्त चार्ज दिया हुआ है।

## जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** महाराजा जवाहर सिंह बलिदान दिवस पर जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अथिति पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व राजपरिवार के वंशज विश्वेंद्र सिंह तथा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिलेख दहवा ने की। कार्यक्रम का संचालन मनुदेव सिनसिनी में किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा सूरजमल और महाराजा जवाहर सिंह के चित्र पर जाट महासभा गुड़गांव जिलाध्यक्ष सतवीर सिंह संधू, रणधीर देशवाल झज्जर, समाजसेवी शक्ति सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सुमित फौजदार ने माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कहा कि युवाओं को महाराजा जवाहर सिंह से सीख लेनी चाहिए कि किस तरह अपने पिता के सम्मान के लिए उन्होंने मेहनत की और 36 कौम को साथ लेकर दिल्ली फतेह कर अपने पुरखों का नाम रोशन किया। जिस पर आज भी समाज उनका अनुकरण करता है और उन्हें याद करता है। कुंवर दुष्यंत सिंह ने बताया कि जाट समाज हमेशा से अपने दम पर आगे बढ़ा है और उसने सभी जाति व धर्मो की रक्षा करते हुआ सामाजिक तानेबाने को बनाए रखा है। जाट समाज हमेशा अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध खड़ा होने वाला समाज है जिस पर हमे गर्व है। कार्यक्रम में समाजसेवी सुधीरपाल, पार्षद रूपेंद्र सिंह और दौलत फौजदार ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि समाज के लिए युवा इसी तरह कार्य करते रहें। जिससे युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में प्रोत्साहन मिले। इस अवसर पर महाराजा सूरजमल यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष सुमित फौजदार, उपाध्यक्ष नरेश पहलवान, भरत अलीपुर, अनुराग फौजदार, अंकित फौजदार, अंकुश फौजदार, हर्ष, विकास फौजदार, दिलीप हथेनी, कृष्णवीर फुलवारा, शुभम सिनसिनी, लव सिनसिनी व कार्यकर्ताओं सहित सैंकड़ों प्रतिभाएं व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## पौधारोपण किया

**भरतपुर ( निस )।** जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान में सभी विभाग जनप्रतिनिधियों व आमजन के साथ मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पौधारोपण कर उनकी देखभाल करते हुए हरित राजस्थान के सपने को साकार करें। जिला प्रभारी मंत्री बुधवार को राजकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान हरियालो राजस्थान अभियान के शुभारम्भ समारोह में पौधारोपण के पश्चात् उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ उनकी वर्षभर देखभाल व सुरक्षा की जिम्मेदारी से ही हरित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा। पौधे पर्यावरण संरक्षण के लिए महती आवश्यकता है।

## राजमार्ग में परिवर्तन के लिए लिखा पत्र

**भरतपुर ( निस )।** समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीता राम गुप्ता ने भरतपुर-अलवर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं राज्य के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिख कर आग्रह किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं कि सत्यप्रकाश पुत्र श्री शंकर लाल आयु 51 साल जाति ब्राह्मण निवासी 121, तिलक नगर, भरतपुर ( राज० ) का हूँ। मैं अपने पूरे होश व हवास के साथ शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि अपने पुत्र अंकुर भारद्वाज पुत्र श्री सत्यप्रकाश को वैचारिक मतभेद के कारण अपनी पूरी संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ आगे उसका मेरी उक्त किसी भी प्रकार की संपत्ति एवं परिवार की सभी स्रोतों से आय पर किसी भी प्रकार का कोई ताल्लुक व सरोकार नहीं रहेगा।

सत्यप्रकाश पुत्र श्री शंकरलाल
121, तिलक नगर, भरतपुर ( राज० )

**COLLEGE OF AGRICULTURE**
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar (Weir) Bharatpur (Rajasthan)-32140
Mob: 9414714234 Email.dean.coabhusawer@sknau.ac.in

No.F.( )/Dean-COAB/2024/ 368 Dated: 06.08.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bid for open tender regarding hiring manpower (Agriculture Purpose) are invited from interested bidders upto 11 AM, 21.08.2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state; www.sknau.ac.in University website.

NIB code SKN2425A0098 and UBN is SKN2425SSOB00104.

Raj.Samwad/C/24/3466 DEAN